प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने आयकर आयुक्त अपील के दलाल को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

आयकर आयुक्त अपील अमरीश बेदी हुए फरार

जयपुर 20 जून 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) कोटा टीम ने बृहस्पतिवार को कार्यवाही करते हुए आयकर विभाग कोटा में पदस्थापित आयकर आयुक्त अपील अमरीश बेदी के दलाल वीरेंद्र कुमार जैन को आयकर आयुक्त अपील के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत की राशि चैक के माध्यम से लेते हुए गिरफ्तार किया एवं आयकर आयुक्त अपील अमरीश बेदी हुए फरार जिनके खिलाफ एसीबी ने किया रिश्वत का मुकदमा दर्ज।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी ने बताया कि परिवादी ने 9 जनवरी 2019 को एसीबी में एक रिर्पोट दी की उसके माता जी श्रीमती आपदा बाई के खाते की जमीन विक्रय की थी। जिसकी स्कूटनी प्रोसीडिंग इनकम टैक्स विभाग में चल रही थी जिसकी टैक्स लायबिलिटी लगभग 57 लाख रुपए निकली थी। जिसके अपील अपील अधिकारी अमरीश बेदी के पास चल रही है। उक्त अपील का फैसला परिवादी के पक्ष में करने के लिए आयकर आयुक्त अपील अमरीश बेदी दलाल विरेंद्र कुमार जैन के माध्यम से 2 लाख रुपए की रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा श्री चंद्र सिंह के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवा कर आज ट्रैप कार्रवाई के दौरान आयकर आयुक्त अपील के दलाल विरेंद्र कुमार जैन

को 50 हजार रुपए की राशि का चैक आयकर आयुक्त अपील अमरीश बेदी के लिए लेते हुए गिरफ्तार किया एवं दलाल चैक को आयकर आयुक्त अपील अमरीश बेदी को देने गए तो अमरीश बेदी आज अवकाश पर थे जिस पर एसीबी ने आयकर आयुक्त अपील के खिलाफ रिश्वत का मुकदमा दर्ज किया । आयकर आयुक्त अभी फरार हैं एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है।